ISSN 0974 1666

सी.सी.आर.यू.एम

न्यूज़लेटर

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद की द्वैमासिक पत्रिका

खंड 36 • अंक 1–2 जनवरी–अप्रैल 2016

हकीम अजमल ख़ाँ के बहुमुखी व्यक्तित्व एवं योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

हकीम अजमल ख़ाँ की वसीयत–संपदा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद के हकीम अजमल ख़ाँ साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने 12–13 फरवरी को नई दिल्ली में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सहयोग से हकीम अजमल ख़ाँ के बहुमुखी व्यक्तित्व एवं योगदान पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में हकीम अजमल ख़ाँ के जीवन के विभिन्न पहलुओं, उनके योगदान, देसी चिकित्सा पद्धतियों में शोध व विकास और एकता में अनेकता व देशभक्ति की उनकी वसीयत–संपदा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर किया गया। यह भी माँग की गई कि हकीम साहिब के योगदान को देखते हुए उन्हें भारत–रत्न प्रदान किया जाए और यूनानी चिकित्सा पद्धति की एक यूनिवर्सिटी स्थापित की जाए।

संगोष्ठी में उद्घाटन व समापन सत्रों के अतिरिक्त कुल छः तकनीकी सत्र शामिल किए गए। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान हकीम अजमल खाँ के बहुमुखी व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर 50 से अधिक पत्र प्रस्तुत किए गए।

डॉ. नजमा हेप्तुल्ला, माननीय केन्द्रीय मंत्री, अल्पसंख्यक कार्य अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ 12 फरवरी को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में हकीम अजमल खाँ के बहुमुखी व्यक्तित्व एवं योगदान पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में संगोष्ठी की सारांश स्मारिका का विमोचन करती हुई।

इस अवसर पर परिषद के महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन किया गया और यूनानी चिकित्सा से जुड़े अनेक विद्वानों को उनके योगदान के लिए लाइफ़ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड और अप्रीसिएशन अवार्ड प्रदान किए गए।

उद्घाटन सत्र

संगोष्ठी का उद्घाटन डॉ. नजमा हेप्तुल्ला, माननीय केन्द्रीय मंत्री, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि हकीम अजमल खाँ अनेकता में एकता और साम्प्रदायिक सदभाव के ऐसे राजदूत थे कि कोई उनके चरित्र, विश्वसनीयता और नियत पर शक नहीं कर सकता था और इसीलिए एक तरफ उन्होंने मुस्लिम लीग के सत्रों की अध्यक्षता की तो दूसरी तरफ हिन्दू महासभा के सत्रों की। उन्होंने कहा कि हकीम साहिब ने हमारे स्वदेशी ज्ञान विज्ञान के प्रोत्साहन और विकास की एक संपदा छोड़ी है जिसे आगे बढ़ाने की ज़रूरत है। यह हकीम साहिब के प्रति एक महान श्रद्धांजलि होगी कि हम आज की आवश्यकताओं के अनुरूप अपनी स्वदेशी चिकित्सा पद्धति का अद्यतन करें और वैज्ञानिक व आवश्यकता अनुकूलन शोध द्वारा उनके तिब्बी मिशन को आगे बढ़ाएं। उन्होंने स्कूल पाठ्यक्रम में हिकमत को शामिल करने की वकालत भी की।

प्रो. तलत अहमद, उप–कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने कहा कि हकीम अजमल ख़ाँ एक चहुँमुखी व्यक्तित्व और प्रतिभा के धनी थे जिन्होंने जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अन्य शिक्षण संस्थानों की स्थापना और विकास में एक अहम योगदान दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जामिया और के.यू.चि.अ.प. को ऐसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान शुरू करना चाहिए जहाँ दोनों संस्थान मार्गदर्शक के तौर पर खुद को स्थापित कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि यह जामिया के लिए गर्व की बात है कि हकीम साहिब की 148 वीं जयन्ती पर आयोजित गोष्ठी में के.यू.चि.अ.प. के साथ भागीदारी की।

इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. जी. एन. क़ाज़ी, उप–कुलपति, जामिया हमदर्द ने कहा कि हकीम अजमल ख़ाँ यूनानी चिकित्सा के अग्रणी लोगों में से एक थे। उन्होंने, वास्तव में, भारतीय चिकित्सा पद्धतियों में प्रयोग होने वाली विभिन्न औषधियों के रासायनिक घटकों के संदर्भ में इस युग के वैज्ञानिकों के लिए एक महान पथ की नींव रखी। वह केवल एक हकीम और स्वाधीनता सेनानी ही नहीं बल्कि एक महान संस्थान निर्माता थे और उनके अनेक कार्य जो उनके जीवन काल में पूरे न हो सके उन्हें हकीम अब्दुल हमीद ने पूर्ण किया।

प्रो. अल्ताफ़ अहमद आज़मी ने अपने मुख्य भाषण में बताया कि हकीम अजमल ख़ाँ एक महान चिकित्सक के अतिरिक्त अरबी व फ़ारसी साहित्य के एक प्रख्यात विद्वान एवं लेखक थे। उन्होंने भारतीय मुस्लिम समाज की शैक्षणिक प्रगति और यूनानी चिकित्सा के उत्थान में एक अहम

डॉ. नजमा हेप्तुल्ला, माननीय केन्द्रीय मंत्री, अल्पसंख्यक कार्य 12 फरवरी को नई दिल्ली में हकीम अजमल खाँ के बहुमुखी व्यक्तित्व एवं योगदान पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करती हुईं।

योगदान दिया।

प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों के अनुसंधान एवं विकास, देशभक्ति व सामाजिक एकता के संदर्भ में हकीम अजमल ख़ाँ की विरासत–संपदा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हकीम अजमल ख़ाँ के कार्यों को उचित सम्मान व स्वीकृति नहीं प्राप्त हो सकी और उन्होंने भारत सरकार से उनको भारत रत्न से सम्मानित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि हकीम साहिब के आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा को एक साथ लाने के विचार से ही भारत सरकार विभिन्न स्वदेशी चिकित्सा पद्धतियों को आयुष के अर्न्तगत ला सकी। उन्होंने कहा कि के.यू.चि.अ.प. प्रारम्भ से ही, औषधीय पादपों का सर्वेक्षण एवं कृषि, औषधीय मानकीकरण, नैदानिक अनुसंधान और यूनानी चिकित्सा में साहित्यिक अनुसंधानिक क्षेत्रों में शोध के लिए सुनियोजित एवं गम्भीर प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों ने संगोष्ठी की सारांश स्मारिका, हकीम मज़हर सुबहान उस्मानी पर के.यू.चि.अ.प. की उर्दू वैज्ञानिक पत्रिका जहान–ए–तिब्ब का विशेष संस्करण और अन्य तीन प्रकाशनों का विमोचन किया। डॉ. मो. फ़ज़ील, अनुसंधान अधिकारी प्रभारी और डॉ. फख़्रे आलम, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी), हकीम अजमल खाँ साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान द्वारा एक विशेष पुस्तक 'निशान–ए–अजमल' का भी विमोचन किया।

प्रो. अब्दुल हक, डॉ. वसीम अहमद आज़मी, डॉ. के.ए.एस. आज़मी, डॉ. अहमद सईद और डॉ. उसामा अकरम 12–13 फरवरी को नई दिल्ली में हकीम अजमल खाँ के बहुमुखी व्यक्तित्व एवं योगदान पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के एक तकनीकी सत्र के दौरान।

के.यू.चि.अ.प. ने हकीम मज़हर सुबहान उस्मानी और प्रो. इश्तियाक़ अहमद द्वारा यूनानी चिकित्सा में किए गए सहयोग को देखते हुए उन्हें मरणोपरांत लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया। प्रो. अब्दुल जब्बर खान को भी लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया जबकि हकीम खुरशीद अहमद शफ़क़त आज़मी, हकीम वसीम अहमद आज़मी और डॉ. शारिक़ अली ख़ान भी अप्रीशिएशॅन अवार्ड से सम्मानित किए गए। उद्घाटन सत्र संगोष्ठी के आयोजक सचिव डॉ. मो. फ़ज़ील के धन्यवाद ज्ञापन से सम्पन्न हुआ।

तकनीकी सत्र

छः तकनीकी सत्रों में से प्रथम सत्र ''हकीम अजमल ख़ां : एक सफ़ल चिकित्सक और यूनानी चिकित्सा में अनुसंधान और शिक्षा के आदर्श वास्तुकार'' विषय पर आधारित था। सत्र की मुख्य विशेषता प्रो. के.एम.वाई. अमीन का ''अजमल खान का संदृश्य : यूनानी चिकित्सा के परम्परागत मूल्यों का

नई दिल्ली में 12–13 फरवरी को हकीम अजमल खाँ के बहुमुखी व्यक्तित्व एवं योगदान पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के एक तकनीकी सत्र के दौरान श्रोतागण का एक दृश्य।

डॉ. खालिद एम. सिद्दीकी, प्रो. रईस–उर–रहमान, डॉ. उम्मुल. फज़ल, श्री मेहर–ए–आलम ख़ान, डॉ. मोहम्मद ख़ालिद सिद्दीकी, डॉ. सगीर ए. सिद्दीकी, डॉ. राशिदुल्लाह खॉन और डॉ. मोहम्मद फज़ील 12–13 फरवरी को नई दिल्ली में हकीम अजमल खाँ के बहुमुखी व्यक्तित्व एवं योगदान पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर ग्रुप फोटो के लिए पोज़ देते हुए।

प्रतिधारण और सदृढ़ीकरण'' शीर्षक पर आंमत्रित व्याख्यान था। इसके अतिरिक्त, प्रो. अनीस अहमद अंसारी, प्रो. अब्दुल वदूद और डॉ. गुलामुददीन सोफ़ी ने भी संगोष्ठी के विषय पर अपने लेख प्रस्तुत किए।

द्वितीय सत्र 'हकीम अजमल ख़ाँ लेखक और कवि के रूप में' विषय पर आधारित था, जबकि तृतीय सत्र उनके भाषण और उनके द्वारा प्रशिक्षित यूनानी विद्वानों का सहयोग से सम्बंधित था। प्रत्येक सत्र में पाँच लेख और एक आमंत्रित व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। चतुर्थ सत्र यूनानी चिकित्सा की प्रगति में हकीम अजमल ख़ाँ के परिवार – खानदान शरीफ़ी का सहयोग और पंचम सत्र भारत के स्वाधीनता संग्राम में हकीम साहिब की भूमिका और राजनीतिक विवेक को समर्पित था। छठा सत्र एक शिक्षाविद के तौर पर हकीम साहिब के सहयोग से सम्बंधित था। कुल मिलाकर छः तकनीकी सत्रों में 50 से अधिक लेख प्रस्तुत किए गए, इसके अतिरक्त प्रत्येक सत्र में एक आमंत्रित लेख भी प्रस्तुत किया गया।

समापन सत्र

समापन सत्र में के.यू.चि.अ.प. की पूर्व निदेशक डॉ. उम्मुल फ़ज़ल मुख्य अतिथि थीं। मंच पर आसीन अन्य गणमान्य व्यक्तियों में परिषद के पूर्व महानिदेशक डॉ. मोहम्मद ख़ालिद सिददीक़ी व प्रो. सैयद शाकिर जमील, प्रो. रईस–उर–रहमान, सलाहकार (यूनानी) एवं महानिदेशक, के.यू.चि. अ.प., डॉ. ख़ालिद महमूद सिददीक़ी, उप–महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प., डॉ. राशिदुल्लाह ख़ान, उपाध्यक्ष, केन्द्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद् और डॉ. सग़ीर अहमद सिददीक़ी, नोडल ऑफिसर, जामिया मिल्लिया इस्लामिया थे।

सत्र के आरंभ में प्रो. रईस–उर–रहमान ने संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में प्रस्तुत लेखों के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला और हकीम अजमल ख़ाँ की ज़िन्दगी और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं की महत्त्पवूर्ण प्रस्तुति को सराहा। उन्होंने के.यू.चि. अ.प. के पूर्व निदेशक हकीम अब्दुल रज़्जाक सहित अन्य पूर्व सहयोगियों की सेवाओं का स्मरण किया। उन्होंने यूनानी चिकित्सा पद्धति के अनुसंधान और विकास की गति पर अपनी चिंता जताई और सभी सहयोगियों से पूर्ण ईमानदारी व लगन से अपना कर्त्तव्य निर्वाह करने की विनती की।

डॉ. राशिदुल्लाह ख़ान ने इस अर्थपूर्ण संगोष्ठी के लिए आयोजकों को बधाई दी और विभिन्न संस्थानों में शिक्षा के स्तर को उन्नत बनाने हेतु केन्द्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा उठाए गए क़दमों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

डॉ. मोहम्मद ख़ालिद सिददीक़ी, पूर्व महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने पूर्व शताब्दी में किए गए शोध कार्य और परिषद की उपलब्धियों की चर्चा की और यूनानी चिकित्सा के उत्तम भविष्य की कामना की और इस महान कृत्य के लिए पूर्ण समर्पण की भावना पर बल दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. उम्मुल फ़ज़ल ने परिषद के बाल्यकाल में इसके तत्कालीन निदेशक द्वारा किए गए प्रयासों की चर्चा की और यूनानी चिकित्सा पद्धति के विकास एवं प्रसार हेतु 1987 में आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय संगोष्ठी का विशेष तौर पर ज़िक्र किया।

सत्र के समापन पर डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी ने मुख्य अतिथि, गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों, मीडियाकर्मी और परिषद स्टाफ का संगोष्ठी की सफलता पर आभार प्रकट किया।

• *नियाज़*

क्षे.यू.चि.अ.सं. मुम्बई के भवन का शिलान्यास

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने 28 दिसम्बर को खारघर, नवी मुम्बई में केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (के.यू.चि.अ.प.) के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, मुम्बई और केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (के.हो.अ.प.) के क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान के संयुक्त भवन का शिलान्यास किया।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय 28 दिसम्बर 2015 को खारघर, नवी मुम्बई में यूनानी और होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान के भवन के शिलान्यास हेतु प्लाक से परदा उठाते हुए। साथ में प्रा. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. और डॉ. राज के. मनचन्दा, महानिदेशक, के.हो.अ.प. भी देखे जा सकते हैं।

शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए, श्री श्रीपाद नाईक ने कहा कि आयुष पद्धतियों के विकास एवं स्वास्थ्य रक्षा क्षेत्र में उनके सदुपयोग हेतु इन पद्धतियों में उच्च स्तर का अनुसंधान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गैर संक्रामक रोग विश्व स्तर पर एक बड़ी समस्या बने हुए हैं जिनसे निपटने के लिए आयुष चिकित्सा पद्धतियों की क्षमता का प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात को दोहराया कि भारत सरकार आयुष चिकित्सा के शोध संस्थानों व आधारभूत संरचना को मज़बूत करने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से राज्य के आयुष कॉलिजों हेतु केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया।

डॉ. कुलदीप राज कोहली, निदेशक, आयुष, महाराष्ट्र सरकार ने कहा कि राज्य सरकार आयुष संस्थानों, चिकित्सालयों और कॉलिजों के विकास हेतु कटिबद्ध है। उन्होंने सुझाव दिया कि भवन निर्माण कार्य पूरा होने पर यूनानी और होम्योपैथी संस्थानों को अपनी चिकित्सा पद्धति में स्नात्तकोत्तर शिक्षा आरम्भ करनी चाहिए।

श्री प्रशान्त ठाकुर, सदस्य, महाराष्ट्र विधान सभा ने संस्थानों की स्थापना हेतु खारघर जनपद को चुनने की सराहना की जिससे जनपद का जनजातीय समुदाय आयुष चिकित्सा की स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित होगा।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. अरुण भस्मे, उपाध्यक्ष, केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद ने राज्य में आयुष मूलभूत संरचना के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्य राज्य सरकार की सक्रिय संलग्नता से आयुष मंत्रालय की छत्रछाया में हो सकता है।

इससे पूर्व, प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. और डॉ. राज के. मनचंदा, महानिदेशक, के.हो.अ.प. ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और आयुष बिरादरी को नवीन शोध परियोजनाओं पर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ होम्योपैथी व यूनानी अनुसंधानकर्त्ताओं और राज्य भर के चिकित्सकों व होम्योपैथी व यूनानी शिक्षा संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया।

• *नियाज़*

के.यू.चि.अ.प. द्वारा शासीनिकाय सदस्यों का अभिनंदन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने 10 अप्रैल 2016 को अपने मुख्यालय में शासी निकाय के नए नामित अशासकीय सदस्यों के लिए एक स्वागत बैठक का आयोजन किया। बैठक का उद्देश्य सदस्यों को परिषद की अनुसंधानिक गतिविधियों और कार्यों से अवगत कराना था। पूर्व शासी निकाय के कार्यकाल की समाप्ति के बाद नवीन शासी निकाय का गठन किया गया है जिसे 14 मार्च 2016 को अधिसूचित किया गया।

परिषद् मुख्यालय में 10 अप्रैल को परिषद के शासी निकाय के नए नामित अशासकीय सदस्यों के स्वागत हेतु आयोजित बैठक का एक दृश्य।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रो. ए. रे, वल्लभभाई पटेल चेस्ट इन्स्टीट्यूट ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा के विपरीत परम्परागत चिकित्सा में अवांति प्रभाव नहीं हैं, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन चिकित्सा पद्धतियों का आवश्यक प्रचार प्रसार न होने के कारण आधुनिक चिकित्सा पद्धति केन्द्रीय स्तर पर विद्यमान है। उन्होंने कहा कि परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों की प्रसिद्धि के लिए वैद्यीकरण और मानकीकरण कार्य अति आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी सलाह दी कि आयुष पद्धति के शोधनकर्त्ताओं को आधुनिक चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों से परस्पर विचार–विनिमय करना चाहिए जिससे दोनों को लाभ होगा।

इस अवसर पर डॉ. रामेश्वर दयाल, पूर्व वैज्ञानिक एफ़ व अध्यक्ष, रसायन मंडल, वन अनुसंधान संस्थान ने औषधीय पादपों से सम्बन्धित लोक दावों को वैधीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. सिराजुददीन अहमद ने परिषद के शोध कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को अपनाया जाना एक अच्छा संकेत है। उन्होंने सुझाव दिया कि एम.डी. थीसिस के संक्षिप्त रूप का प्रकाशन वैज्ञानिक समुदाय के हित में होगा। डॉ. वीना गुप्ता, वरिष्ठ वैज्ञानिक, नेशनल ब्युरो ऑफ़ प्लांटस जैनेटिक रिसोर्सेज़ ने स्थानीय औषधीय पौधों के अनुसंधान को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. हसीबुन्निसा ने परिषद की गतिविधियों व सफलताओं को प्रचारित करने की बात कही। डॉ. एम. ए. वहीद, पूर्व प्रभारी उप निदेशक, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने गुणवत्ता अनुसंधान द्वारा यूनानी चिकित्सा के वैश्वीकरण के कार्य की आवश्यकता उजागर की और कहा कि शोधकर्त्ताओं को उनका शोध कार्य प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। डॉ. तस्लीम बानो ने सुझाव दिया कि यूनानी चिकित्सकों को, इस पद्धति के हित में, केवल यूनानी चिकित्सा में प्रैक्टिस करने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। डॉ. मदन सिंह जाखड़ ने सुझाव दिया कि के.यू.चि.अ.प. को फ़रीदाबाद/मेवात में भी अपना एक शोध केन्द्र स्थापित करना चाहिए। हकीम खुरशीद मुराद सिद्दीक़, उपाध्यक्ष (तकनीकी) और प्रो. गोविंद के. मरवारिया, आधुनिक चिकित्सा विशेषज्ञ बैठक में शामिल नहीं हो सके।

इससे पूर्व, अपने परिचायक भाषण में प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने शासी निकाय के सभी सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें परिषद् के शोध प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में यूनानी चिकित्सा में शोध कार्य शुरू

(शेष पृष्ठ 7 पर)

सचिव (आयुष) का क्षे.यू.चि.अ.सं. श्रीनगर दौरा

श्री अजीत एम. शरण, सचिव (आयुष), भारत सरकार ने 12 अप्रैल को के.यू.चि.अ.प. के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, श्रीनगर का दौरा किया। श्री शरण ने के.यू.चि.अ.प. के महानिदेशक प्रो. रईस–उर–रहमान के साथ, संस्थान के विभिन्न यूनिट्स को देखा और उनकी कार्यशैली के बारे में जानकारी ली।

श्री अजीत एम. शरण, सचिव (आयुष), भारत सरकार और प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक के.यू.चि.अ.प. 12 अप्रैल को क्षे.यू.चि.अ.सं. के टाक्सिकॉलाजी प्रयोगशालय का दौरा करते हुए।

अपने दौरे के दौरान, श्री शरण ने डॉ. सीमा अकबर, प्रभारी अनुसंधान अधिकारी और अन्य पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्हें संस्थान द्वारा शोध क्षेत्र की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। श्री शरण को संस्थान के पादप उद्यान में कुछ विलुप्त हो रहे यूनानी औषधीय पौधों के सफ़ल उत्पादन की कृषि तकनीकों से भी अवगत कराया गया। वह विज्ञान एवं तकनीक विभाग, भारत सरकार के सहयोग से विकसित टाक्सिकॉलाजी यूनिट की आधारभूत संरचना से प्रभावित हुए।

संस्थान की आधारभूत संरचना और विशेषताओं से अभिभूत श्री शरण ने संस्थान को केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में प्रोन्नत करने और एम.डी. (यूनानी) और संबद्ध विषयों में एम.फिल./पी.एच.डी. डिग्री देने हेतु मान्यता प्राप्त करने के लिए प्रयास करने का परामर्श दिया। उन्होंने कश्मीर यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान करने की सलाह भी दी।

• *नियाज़*

(पृष्ठ 6 का शेष)

करने का श्रेय हकीम अजमल ख़ाँ को है जिनके प्रयासों से भारत सरकार का ध्यान परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों के विकास व उन्नति की ओर हुआ और इसके परिणामस्वरूप के.यू.चि.अ.प. और इसके समतुल्य संथानों की स्थापना हुई। उन्होंने बताया कि परिषद ने अपने अनुसंधान में यूनानी चिकित्सा के कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे चर्म रोग, संधि रोग और यकृत रोग में महत्वपूर्ण कार्य कर नेतृत्व हासिल किया है और परिषद् आने वाले वर्षों में ग़ैर संक्रामक रोग, जीवनशैली संबंधित रोग व अन्य रोगों में शोध गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि परिषद् गोवा, भोपाल और आंध्र प्रदेश में अनुसंधान संस्थान स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है।

डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी, उप–महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने पावर पॉइंट प्रिज़ेन्टेशन द्वारा अतिथियों को परिषद की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, सांस्थानिक तंत्र, अनुसंधानिक कार्यक्रम, गतिविधियों और उपलब्धियों, नवीन विकास व परिषद द्वारा उठाए गए क़दमों की जानकारी दी।

बैठक का समापन डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इस बैठक में के.यू.चि.अ.प. मुख्यालय के सभी अनुसंधान अधिकारी सम्मिलित हुए।

• *नियाज़*

हकीम एम.ए. रज़्ज़ाक़ स्मरण व्याख्यान

हकीम एम.ए. रज़्ज़ाक़ एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन यूनानी चिकित्सा पद्धति के बहुमुखी विकास और उन्नति के लिए समर्पित कर दिया और आज इसके और अधिक विकास हेतु एक और एम.ए. रज़्ज़ाक़ की ज़रूरत है, यह शब्द प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने 8 अप्रैल को जामिया हमदर्द नई दिल्ली में परिषद् द्वारा अपने संस्थापक निदेशक की वर्षगांठ मनाने हेतु आयोजित हकीम एम.ए. रज़्ज़ाक़ स्मरण व्याख्यान में कहे।

श्री सुहैल रज़्ज़ाक़ 8 अप्रैल को जामिया हमदर्द, नई दिल्ली में आयोजित हकीम एम.ए. रज़्ज़ाक़ स्मरण व्याख्यान को संबधित करते हुए। मंच पर बैठे गणमानीय व्यक्ति डॉ. खालिद एम. सिद्दीक़ी, डॉ. उम्मुल फज़ल, प्रो. तलत अहमद, प्रो. रईस–उर–रहमान और डॉ. मुश्ताक़ अहमद हैं।

प्रो. रईस–उर–रहमान ने कहा कि हकीम एम.ए. रज़्ज़ाक़ ने अपने छोटे से जीवन काल में यूनानी चिकित्सा के विकास और संगठन क्षेत्र में जो कुछ किया वह एक पूरी पीढ़ी द्वारा नहीं किया जा सकता। उन्होंने यूनानी चिकित्सा पद्धति की एक अलग अनुसंधान परिषद की स्थापना को उनकी महान उपलब्धियों में से एक बताया।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रो. तलत अहमद, उप–कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने कहा कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दृष्टिकोण से यूनानी चिकित्सा, एक चिकित्सा विज्ञान होने के अतिरिक्त, एतिहासिक व सांस्कृतिक महत्त्व भी रखती है। उन्होंने आगे कहा कि जामिया एक यूनानी मेडिकल कॉलिज और एक मॉडर्न मेडिकल कॉलिज स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। जामिया और के.यू.चि.अ.प. के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यूनानी चिकित्सा में अंतरविभागीय अनुसंधान के लिए वह हर सम्भव सहायता देने को तैयार हैं और उन्होंने आग्रह किया कि दोनो संस्थानों को इस क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना चाहिए।

अपने विस्तृत व्याख्यान के दौरान, डॉ. मुश्ताक़ अहमद, पूर्व निदेशक, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने कहा कि हकीम एम.ए. रज़्ज़ाक़ ने यूनानी चिकित्सा के प्रति इतने सेवा समर्पित थे कि एक ओर वह के.यू.चि.अ.प. के निदेशक थे और इसके साथ–साथ दूसरी ओर वह ऑल इन्डिया तिब्बी कांफ्रेंस से भी जुड़े हुए थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, हकीम एम.ए. रज़्ज़ाक़ के सुपुत्र श्री सुहैल रज़्ज़ाक़ ने कहा कि उनके पिता यूनानी चिकित्सा के विकास के प्रति एक दृष्टिकोण रखते थे और उन्होंने अपना पूरा जीवन इस सोच के पूरा करने में समर्पित कर दिया। वह सोचते थे कि यूनानी चिकित्सा को वैज्ञानिक बिरादरी द्वारा पूर्णतयाः स्वीकार करने के लिए आधुनिकीकृत करने की आवश्यकता है।

अपने अध्यक्षीय भाषण में, डॉ. उम्मुल फ़ज़ल, पूर्व निदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने विदेशों में यूनानी चिकित्सा के विकास हेतु हकीम एम.ए. रज़्ज़ाक़ के प्रयासों का ज़िक्र किया। उन्होंने शोधकर्त्ताओं और चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे यूनानी चिकित्सा के प्रति अपनी मेहनत व कोशिशों को भारतवर्ष तक ही सीमित न रखें बल्कि इसको विदेशों में भी फैलाएं।

अंत में डॉ. खालिद महमूद सिद्दीक़ी, उप महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शोधकर्त्ताओं, शिक्षाशास्त्रियों और छात्रों का शुक्रिया अदा किया। ■

पारंपरिक चिकित्सा पर भारत–अमेरिका कार्यशाला

आयुष चिकित्सा में शोध पर भारत व अमेरिका में सहयोग

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं अमेरिकी सरकार ने 3 से 4 मार्च को नई दिल्ली में एक दो दिवसीय भारत–अमेरिका परम्परागत चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन किया। सितम्बर 2015 में वाशिंगटन, डी. सी. में हुए प्रथम भारत–अमेरिका स्वास्थ्य संवाद के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य कैन्सर की रोकथाम और उपशामक चिकित्सा हेतु परम्परागत चिकित्सा के विकास और शोध पर सहयोग करना था।

माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (आयुष) श्री श्रीपाद येस्सो नाईक एवं अन्य गणमानीय व्यक्ति 3–4 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित पारंपरिक चिकित्सा पर भारत–अमेरिका कार्यशाला के दौरान मंच पर बैठे हुए।

यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ़ हैल्थ एन्ड हयुमन सर्विसिज़ (एच.एच.एस.), ऑफिस ऑफ़ ग्लोबल अफेयर्स (ओ.जी.ए.), नेश्नल कैंसर इन्स्टिट्यूटस आफ़ हैल्थ (एन.आई.एच.), नेश्नल कैंसर इन्स्टिट्यूट (एन.सी.आई.) और अमेरिकी शैक्षिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में भाग लिया। भारत की ओर से पारंपरिक चिकित्सा के विद्वानों, आयुष पद्धतियों के हितधारकों तथा प्रमुख अनुसंधानिक एवं नैदानिक संस्थानों के वैज्ञानिकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

विचार विमर्श के दौरान विभिन्न रोगावस्था के उपचार में आयुष पद्धतियों की सामर्थ्यता का प्रदर्शन किया गया। परिचर्चा का मुख्य बिंदु कैंसर की रोकथाम और उपचार में आयुष चिकित्सा की भूमिका रही।

दोनों पक्ष आयुष उत्पादों के मानकीकरण और गुणवत्ता सुधार में सहयोग पर सैद्धान्तिक रूप से सहमत हुए। धारणीय आधार पर परामर्श प्रक्रिया और आपसी जानकारी को आगे बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों पर आधारित एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर भी सैद्धान्तिक रूप से सहमति हुई। आयुष मंत्रालय और यू.एस.एच.एस. विभाग के मध्य शीघ्र ही एक समझौता होने की आशा भी है। भारत एवं अमेरिका के मध्य एक सुनिश्चित समझौते के अतिरिक्त, आयुष मंत्रालय ने विभिन्न सहयोगकर्त्ताओं व वैज्ञानिक संस्थानों को भी चिन्हित किया है जिनके साथ कैंसर उपचार में आयुष को मुख्यधारा में लाने की योजना पर कार्य करना है। आयुष मंत्रालय इस उद्देश्य के लिए विशेषज्ञों और चिकित्सकों की सुविज्ञता लेने के लिए एक विशेष मंच तैयार करेगा।

(शेष पृष्ठ 19 पर)

के.यू.चि.अ.प. पुस्तकालयों का डाटा अब एन.आई.सी. पटल पर

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 18 अप्रैल को नई दिल्ली में एक शुभारम्भ समारोह आयोजित कर एन.आई.सी. पटल पर अपने पुस्तकालयों का डाटा लांच किया। इस सूत्रपात ने परिषद् के विभिन्न संस्थानों के 10 पुस्तकालयों का डाटा विश्व स्तर पर प्राप्त करना सम्भव बना दिया है। यह कार्य नेश्नल इन्फ़ार्मेटिक्स सेन्टर (एन.आई.सी.) के इन्टीग्रेटिड लाइब्रेरी मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर *ई–ग्रन्थालय* द्वारा किया गया।

प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. 18 अप्रैल को नई दिल्ली में परिषद पुस्तकालयों का डाटा एन.आई.सी. के पटल पर लांच करते हुए। चित्र में डॉ. ख़ालिद एम. सिद्दीक़ी, उप–महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. भी देखे जा सकते हैं।

प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने एन.आई.सी. पटल पर परिषद पुस्तकालयों का डाटा लांच करने के बाद एन.आई.सी. के द्वारा परिषद के पुस्तकालयों के नेटवर्किंग तथा स्वचलीकरण को शोधकर्ताओं के लिए एक हथियार बताया। इसके महत्त्व को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि सुविधा सम्पन्न पुस्तकालय शोध के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने *ई–ग्रन्थालय* द्वारा परिषद पुस्तकालयों का डाटा विकसित करने और उसे एन.आई.सी. पटल पर डालने में दिए गए सहयोग के लिए डॉ. मटोरिया, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. आर.के. मटोरिया ने कहा कि अनुसंधानिक गतिविधियों में पुस्तकालयों का एक अहम योगदान है और इसलिए इनको उन्नत तकनीक और नवीनतम सुविधाओं से सम्पन्न होना चाहिए। उन्होंने आयुष मंत्रालय के अधीन अन्य अनुसंधान परिषदों से *ई–ग्रन्थालय* को अपनाने का आहवान किया ताकि शोधकर्त्ता इसका भरपूर उपयोग कर सकें।

इससे पूर्व डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी, उप महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. ने अपने परिचायक व स्वागत सम्बोधन में अनुसंधानिक गतिविधियों में पुस्तकालय सुविधाओं के महत्त्व पर प्रकाश डाला और परिषद् पुस्तकालयों में अपार साहित्यिक सम्पदा की मौजूदगी पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इस नए कदम के लिए परिषद के पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र के स्टाफ की कोशिशों की प्रशंसा की।

डॉ. ज़कीउद्दीन, सहायक निदेशक (यूनानी), के.यू.चि.अ.प. ने कहा कि इस प्रयास से शोधकर्त्ताओं को किताबें खोजने में आसानी होगी और समय की बचत होगी।

इस कार्यक्रम का समापन श्री मो. अज़हर ख़ान, सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, के.यू.चि.अ.प. के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। ■

"अगर हम हर व्यक्ति को सही मात्रा में पोषण और व्यायाम दे पाते, ना तो बहुत कम, ना बहुत ज़्यादा, तो हमें स्वास्थ्य का सबसे सुरक्षित रास्ता मिल जाता।"

– हिप्पोक्रेट्स (सी. 460 ई.पु. – सी. 377 ई.पु.)

क्षे.यू.चि.अ.सं. पटना द्वारा तकनीकी राजभाषा सम्मेलन का आयोजन

परिषद् के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (क्षे.यू.चि.अ.सं.), पटना में 30 मार्च को एक दिवसीय तकनीकी राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य संस्थान कर्मचारियों को राजभाषा प्रावधान के महत्त्व की जानकारी देना और प्रतिदिन कार्यों में राजभाषा के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करना था।

क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा 30 मार्च को आयोजित तकनीकी राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान मंच का एक दृश्य।

अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. एस. सिकन्दर अली ख़ान, पूर्व अनुसंधान अधिकारी प्रभारी, क्षे.यू.चि.अ.सं. ने दिन प्रतिदिन के कार्यों में राजभाषा के प्रयोग और इसके प्रोत्साहन हेतु संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।

डॉ. एम. शहबाज़ अहमद, सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पटना ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि संस्थान में राजभाषा सम्बन्धित काफी काम हुआ है और उन्होंने राजभाषा के प्रचार–प्रसार के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी नई तकनीकों को अपनाने का परामर्श दिया।

प्रो. अलाउद्दीन अहमद, पूर्व उपकुलपति, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने 'मेक इन इण्डिया' कार्यक्रम को सफ़ल बनाने और जागरूकता पैदा करने में हिन्दी भाषा की सामर्थ्यता को रेखांकित किया। उन्होंने संस्थान के कर्मचारियों से राजभाषा के प्रसार के लिए अथक प्रयास करने को कहा।

डॉ. के.बी. अन्सारी, उपनिदेशक प्रभारी, क्षे.यू.चि.अ.सं., पटना ने देश के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य रक्षा क्षेत्र में यूनानी चिकित्सा के योगदान को उजागर किया। उन्होंने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति से जुड़े चिकित्सक देश के उन पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों में मरीजों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते हैं जहां आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं होती हैं। उन्होंने परिषद् द्वारा यूनानी चिकित्सा से सम्बंधित जानकारी को राजभाषा में प्रसारित करने में उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

प्रथम तकनीकी सत्र में, डॉ. इश्तियाक आलम, डॉ. आयशा परवीन, डॉ. राजेश, श्री असलम सिददीक़ी, डॉ. तसलीम अहमद और डॉ. रिज़वानुल्लाह ने राष्ट्र के विकास में यूनानी चिकित्सा की भूमिका से सम्बन्धित लेख प्रस्तुत किए और के.यू.चि.अ.प. द्वारा किए गए शोध परिणामों पर प्रकाश डाला।

द्वितीय तकनीकी सत्र में, जो स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत कार्यक्रम में यूनानी चिकित्सा का योगदान विषय पर आधारित था, डॉ. मो. वसीम अहमद, डॉ. महबूब–उस–सलाम, डॉ. नजमुस्सहर, डॉ. मुमताज़ अहमद और डॉ. हश्मत इमाम द्वारा पाँच लेख प्रस्तुत किए गए।

समापन सत्र डॉ. एस. मंज़र अहसन, पूर्व उप–निदेशक, क्षे.यू.चि.अ.सं., पटना, प्रो. तौहीद किबरिया, गवर्नमेन्ट तिब्बिया कॉलिज, पटना, डॉ. देवानन्द प्रसाद सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, गवर्नमेन्ट आयुर्वेदिक कॉलिज, पटना और डॉ. रिज़वानुल हक़, प्रमुख, सेन्टर फ़ॉर बायोलॉजिकल साइन्सेज़, सेन्ट्रल यूनीवर्सिटी ऑफ़ साउथ बिहार, पटना द्वारा सम्बोधित किया गया।

इसके अतिरिक्त एक काव्य पाठ कार्यक्रम शाम में आयोजित किया गया जिसमें अतिथियों एवं संस्थान कर्मचारियों ने हिन्दी कविता पाठ किया।

• *रिपोर्टः नियाज़ | इनपुटः वसीम*

वानस्पतिक नामावली पर राष्ट्रीय कार्यशाला में भागीदारी

औषधीय पादप सर्वेक्षण एवं कृषि कार्यक्रम में संलग्न परिषद के तीन अनुसंधानकर्ताओं ने 9 से 11 मार्च को सेन्ट जोसफ़ कॉलिज, कोझीकोड़, केरल द्वारा आयोजित वानस्पतिक नामावली पर राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का प्रायोजन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किया गया था।

कार्यशाला का उद्देश्य (i) नामावली के अन्तर्राष्ट्रीय कोड से संबंधित जागरूकता पैदा करना (ii) अनुबंध की सही व्याख्या और नियमावली से संबंधित जानकारी देना (iii) नामावली संबंधित नियमों में सार्थक परिवर्तन की जानकारी देना (iv) नियमावली की वैधानिक और गोपनीय भाषा की व्याख्या का प्रशिक्षण देना और (v) नामावली समस्याओं को हल करने का प्रशिक्षण देना था।

प्रो. रामचन्द्र, पूर्व प्राध्यापक, वनस्पति विभाग, भरतियार विश्व विद्यालय, कोयम्बटूर ने अपने उद्घाटन सम्बोधन में वानस्पतिक नामावली की महत्ता और नामावली कोड में परिवर्तन की आवश्यकता की बात कही। आदरणीय फ़ादर एन्टो एन.जे., वाइस प्रिंसिपल, सेन्ट जोसफ़ कॉलिज ने अध्यक्षीय भाषण दिया।

तकनीकी सत्रों के दौरान नामावली के विभिन्न पहलुओं – इतिहास, आवश्यकता और वर्तमान प्रवृत्ति, प्रायोगिक दृष्टिकोण, प्रभावी और प्रामाणिक प्रकाशन से सम्बंधित समस्याओं, लेखक उद्धरण से सम्बन्धित समस्याओं – पर आधारित व्याख्यान दिए गए। कार्यशाला में प्रयोगात्मक अभ्यास भी रखा गया था।

विभिन्न संगठनों से लगभग 25 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया। केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के वैज्ञानिक अधिकारियों में श्री अमीनुद्दीन, अनुसंधान अधिकारी (वनस्पति), के.यू.चि.अ.प., मुख्यालय, श्री आर. मुरूगेसवरन, अनुसंधान अधिकारी (वनस्पति), क्षे.यू.चि.अ.सं., चैन्नई और डॉ. काशिफ़ हुसैन, अनुसंधान अधिकारी (वनस्पति), के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद ने कार्यशाला में भाग लिया।

• *अमीनुद्दीन एवं आर. मुरुगेस्वरन*

माघ मेला 2016 में स्वास्थ्य शिविर

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के अधीन कार्यरत क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, इलाहाबाद ने 17 जनवरी से 15 फरवरी तक संगम, इलाहाबाद में माघ मेला 2016 के तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से एक स्वास्थ्य शिविर व प्रदर्शनी का आयोजन किया।

शिविर का आयोजन सतत विकास एवं ग़रीबी उन्मूलन हेतु कार्यरत एक संगठन, उत्थान केन्द्र के सहयोग से किया गया। इसका उद्घाटन इलाहाबाद विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आर.पी. मिश्रा द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर डॉ. दीना नाथ तिवारी, पूर्व उप–सभापति, योजना आयोग, छत्तीसगढ़, डॉ. कौशल कुमार, सचिव, उत्थान केन्द्र, डॉ. मोहम्मद अहमद, पूर्व उप–अधीक्षक, राज्य यूनानी मेडिकल कॉलिज, इलाहाबाद और यूनानी चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति और संत मौजूद थे।

शिविर में कार्यरत परिषद् के चिकित्सकों ने 1936 पुरूष व 696 महिला रोगी सहित कुल 2632 रोगियों का उपचार किया। स्वास्थ्य रक्षा और रोगों की रोकथाम पर आधारित यूनानी चिकित्सा के योगदान पर निःशुल्क साहित्य वितरण के अतिरिक्त सामान्य व दीर्घकालीन रोगों पर विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए। इस अवसर पर परिषद की अनुसंधानिक गतिविधियों और उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया।

• *नियाज़*

आरोग्य मेलों में भागीदारी

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने हाल ही में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों एवं अन्य भागीदारों के सहयोग से आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य आरोग्य मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लिया।

इन मेलों का आयोजन पणजी, गोवा; पुणे, महाराष्ट्र; अम्बाला, हरियाणा; कोझीकोड़, केरल; जोधपुर, राजस्थान; राजकोट, गुजरात; और वाराणसी, यू.पी. में क्रमशः 27 से 30 मार्च; 19 से 22 मार्च; 3 से 6 मार्च; 31 जनवरी से 4 फरवरी; 28 से 31 जनवरी; 8 से 11 जनवरी; और 12 से 15 दिसम्बर को किया गया।

ये प्रदर्शनियाँ/मेले भारतीय चिकित्सा पद्धति का प्रचार–प्रसार करने, आयुष के अर्न्तगत अनुसंधानिक परिषदों की गतिविधियों और उपलब्धियों को उजागर करने, रोगी आगंतुकों को निःशुल्क निदान व उपचार प्रदान करने और स्वास्थ्य व रोगों के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित किए गए।

इन मेलों के दौरान के.यू.चि.अ.प. ने नैदानिक अनुसंधान, औषधीय मानकीकरण, औषधीय पादपों का सर्वेक्षण व संवर्धन एवं साहित्यिक अनुसंधान के क्षेत्रों में की गई प्रगति को प्रदर्शित किया। यूनानी चिकित्सा पद्धति की विभिन्न संकल्पनाओं को उजागर करने वाले पोस्टरों और मानचित्रों का भी प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त परिषद के कुछ महत्त्वपूर्ण प्रकाशन भी प्रदर्शित किए गए। रोगों के उपचार में यूनानी चिकित्सा का योगदान और स्वस्थ जीवन के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने की धारणा के साथ यूनानी चिकित्सा पर निःशुल्क साहित्य भी आगंतुकों में वितरित किया गया। रोगी आगंतुकों को निःशुल्क यूनानी उपचार और परामर्श देने हेतु परिषद ने अपने चिकित्सक भी नियुक्त किए। परिषद के शोधकर्त्ताओं द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर व्याख्यान भी दिए गए।

पणजी में राष्ट्रीय आरोग्य मेला

पणजी (गोवा) में राष्ट्रीय आरोग्य मेले का उद्घाटन श्री श्रीपाद नाईक, केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय ने श्री लक्ष्मीकांत पारसेकर, मुख्य मंत्री, गोवा, श्री अनंत शेट, स्पीकर, गोवा विधान सभा, श्री फ्रांसिस डिसूज़ा, उप मुख्य मंत्री, गोवा, श्री राजेन्द्र अरलेकर, वन मंत्री, मिस अलीना सलदानहा, विज्ञान एवं तकनीकी मंत्री और विपक्ष के नेता श्री प्रताप सिंह राणे की उपस्थिति में किया।

इस अवसर पर श्री नाईक ने 21 जून 2016 को आयोजित होने वाले द्वितीय अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का योग नयाचार भी जारी किया।

अपने उद्घाटन भाषण में श्री नाईक ने बताया कि केन्द्रीय सरकार देश के प्रत्येक जनपद में एक आयुष चिकित्सालय खोलने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय की निकट भविष्य में गोवा में एक अखिल भारतीय योग एवं नेचुरोपैथी संस्थान और आयुष के अधीन प्रत्येक चिकित्सा पद्धति का एक यूनिट स्थापित करने की योजना है।

के.यू.चि.अ.प. की एक चिकित्सक 27–30 मार्च को पणजी, गोवा में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेले के दौरान एक मरीज़ का हिजामा (कपिंग) थ्रैपी से इलाज करती हुई।

श्री श्रीपाद नाईक, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय 19–22 मार्च को पुणे में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेले में परिषद के स्टाल पर क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के उपनिदेशक प्रभारी डॉ. मोहम्मद रज़ा से गुलदस्ता स्वीकार करते हुए।

पुणे में राष्ट्रीय आरोग्य मेला

श्री श्रीपाद नाईक, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने पुणे में राष्ट्रीय आरोग्य मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री अजीत एम. शरण, सचिव (आयुष), भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

अपने उद्घाटन भाषण में श्री श्रीपाद नाईक ने कहा कि आयुष पद्धतियाँ विभिन्न गैर संक्रामक रोगों और अन्य रोगों के उपचार में सक्षम हैं और भारत सरकार इस सामर्थ्यता का उपयोग करने में प्रयासरत है।

अम्बाला में राज्य आरोग्य मेला

अम्बाला में राज्य अरोग्य मेला का उद्घाटन श्री अनिल विज, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और आयुष मंत्री, हरियाणा सरकार ने किया। अपने उद्घाटन सम्बोधन में उन्होंने कहा कि राज्य में शीघ्र ही एक समाकलित चिकित्सालय शुरू किया जाएगा जिसमें सभी परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों एवं आधुनिक चिकित्सा द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि अम्बाला में नए निर्माणाधीन अस्तपाल में एक तल आयुष चिकित्सा के लिए आरक्षित किया जाएगा ताकि स्वदेशी चिकित्सा का पूर्ण उपयोग किया जा सके।

कार्यक्रम को श्री अशोक सांगवान, उपायुक्त, अम्बाला, श्री पी.के. महापात्र, अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य), डॉ. साकेत कुमार, निदेशक, आयुष और हरियाणा के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया।

कोझीकोड़ में आरोग्य प्रदर्शनी

कोझीकोड़, केरल में आरोग्य प्रर्दशनी का आयोजन विश्व आयुर्वेद महोत्सव के तृतीय संस्करण के साथ 31 जनवरी से

डॉ. ज़कीउद्दीन और डॉ. मोहम्मद साजिद 3–6 मार्च को अम्बाला में आयोजित राज्य आरोग्य मेले में मरीज़ों को देखते हुए।

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद की एक चिकित्सक 31 जनवरी से 4 फरवरी के बीच कोझीकोड़ में आयोजित आरोग्य प्रदर्शनी में मरीज़ को देखती हुईं।

4 फरवरी 2016 को किया गया।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 02 फरवरी को विश्व आयुर्वेद महोत्सव के विजन कॉन्कलेव को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में ऐसे स्वास्थ्य सेवा तंत्र की आवश्यकता है जो ग़ैर संक्रामक व जीवन शैली जनित रोगों का प्रसार कम कर सके। आयुर्वेद व योग ऐसी चिकित्सा पद्धतियाँ हैं जिनसे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्रीय सरकार साकल्यवादी चिकित्सा की उपचार प्रभावकारिता को दृष्टिगत रखने के साथ–साथ लाभप्रद आर्थिक गतिविधि के प्रति भी दृष्टिगत है।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय ने कहा कि सरकार भारतीय चिकित्सा को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने के लिए एशिया व यूरोप के देशों से भी गठजोड़ कर रही है।

जोधपुर में राज्य आरोग्य मेला

श्री राजेन्द्र सिंह राठौर, माननीय स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान ने जोधपुर में राज्य आरोग्य मेला का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने हेतु कृत संकल्प है और अगले वित्तीय वर्ष में बजट में वृद्धि करेगी। उन्होंने आगे कहा कि अस्पतालों में रिक्त स्थान आयुष डॉक्टरों द्वारा भरे जाएंगे और परम्परागत चिकित्सा से संबंधित 1700 पदों का सृजन किया जाएगा।

राजकोट में राज्य आरोग्य मेला

राजकोट में राज्य आरोग्य मेला का आयोजन, बहुक्षेत्रीय वाइब्रेंट सौराष्ट्र एक्सपो और समिट 2016 के भाग के तौर पर किया गया जिसमें आयुष पद्धतियों के एक मंडप सहित आठ विभिन्न खंडों के पवेलियन मौजूद थे। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में दो लाख से अधिक लोगों ने अपनी रूचि प्रकट की। आगंतुकों ने मुख्यतः विभिन्न प्रकार की औषधियों व हर्बल उत्पाद की खरीदारी की।

मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती आनन्दीबेन पटेल, माननीय मुख्य मंत्री, गुजरात द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शामिल अन्य गणमान्य व्यक्तियों में श्री मोहन कुंदरिया, माननीय राज्य मंत्री, कृषि एवं कृषक कल्याण, भारत सरकार और श्री विजय रूपानी, माननीय मंत्री, परिवहन, जल आपूर्ति, श्रम एवं रोज़गार, गुजरात सरकार मुख्य थे।

वाराणसी में राष्ट्रीय आरोग्य मेला

वाराणसी में राष्ट्रीय आरोग्य मेला का उद्घाटन श्री श्रीपाद नाईक, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सम्बोधन के दौरान, श्री नाईक ने कहा कि आयुष मंत्रालय की स्थापना के साथ भारत सरकार आधुनिक चिकित्सा के विकल्प के तौर पर सुरक्षित एवं किफ़ायती आयुष पद्धतियों के प्रचार–प्रसार में हर सम्भव प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम को श्री अनिल कुमार गनेरीवाला, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और यू.पी. सरकार के पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया।

• *नियाज़*

केरल के मुन्नार वन खंड में औषधीय पादपों का सर्वेक्षण

